# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर-दिसम्बर 2023

**परीक्षा का नाम : मध्यमा प्रथम**

**विषय : गायन तथा स्वरवाद्य वादन**

दि. 19/11/2023 समय : सुबह 9 से 12 कुल अंक : 75

सूचनाएँ : (१) **प्रथम** प्रश्न अनिवार्य ।
(२) शेष प्रश्नोंमेंसें कोई भी 4 प्रश्न हल करें ।
(३) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।
(४) कुल पाँच प्रश्न हल करे ।

**प्र.1.** पाठ्यक्रम के विस्तृत अध्ययन के रागों में से किसी एक राग में बडा ख्याल अथवा मसीतखानी गत स्थाई अंतरा सहीत स्वरलिपीबद्ध करे साथ में स्थाई के 'दो आलाप' तथा अंतरे की एक 'तान' लिखे। (बंदिश के अनुसार आलाप तथा तान तालबद्ध लिखना अपेक्षित है।)

(4+4+4+3=15)

**प्र.2.** पाठ्यक्रम के साधारण अध्ययन के रागों में से किसी एक राग में 'ध्रुपद' की बंदिश स्थाई, अंतरे सहीत स्वरलिपीबद्ध करे तथा स्थाई की दुगून लिखिए। (5+5+5=15)

**प्र.3.** निम्नलिखित तालों की जानकारी देकर पुरा ठेका लिखे तथा सूचित किये हुए लयकारी नुसार हल करे। (कोई तीन)

(5+5+5=15)

1. तिलवाडा (तिगुन) 2. झुमरा (दुगून)
3. धमार (चौगुन) 4. झपताल (तिगुन)

**प्र.4.** **निम्नलिखित राग पहचानकर उनकी जानकारी लिखे।**

**(कोई तीन)** **(5+5+5=15)**

1. सामSS, प, म॑पधप, म, रेसारेसा
2. सारेसाS, गमधधप, पम॑प गमरेसा
3. गमपनिसां, निपगमग, साSS
4 गमपनिSS [नि]धप, मप, ग, मगरेसा
5. धप, गमग, ऩि, सारे॒ग, म

**प्र.5.** **अ) निम्नलिखीत प्रश्नोंके उत्तर एक वाक्य में लिखे।** **(5)**

1. पं.विष्णु दिगंबर पलुस्करजीके दो शिष्यों के नाम लिखे।
2. सुषिर वाद्य किसे कहते है ? किसी एक सुषिर वाद्य का नाम लिखिए।
3. गीत के अवयव कौनसे है ?
4. राग "जौनपुरी" का वादी तथा संवादी स्वर लिखे।
5. राग तयार करने के लिए कमसे कम कितने स्वरों की आवश्यकता होती है ?

**ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति करे।** **(5)**

1. आधुनिक ग्रंथकारोने अपना प्रत्येक स्वर ---------- श्रुतीपर स्थापित किया है।
2. वादन में स्वरतालबद्ध बंदिशको ---------- कहते है।
3. 'मंजिरा' यह एक ---------- वाद्य है।
4. ताल सुलताल में तालियाँ ---------- मात्राओं पर दर्शाते है।
5. पं.बालकृष्णबुवा इचलकरंजीकर ---------- घराने के गायक थे।

**क) सही या गलत बताईए।** **(5)**

1. राग मालकंस गाते समय तानपुरा 'मध्यम' स्वर में मिलाते है।
2. दिन के प्रथम प्रहर में 'बिलावल' थाट के राग गाये जाते है।
3. राग 'देसकार' पूर्वांग वादी राग है।
4. श्रुतीयोंकी उत्पत्ति स्वरों से होती है।
5. अचरक तान में एक स्वर 'दो' बार लेकर गाते है।

**प्र.6. अ) गायकों तथा वादकों के गुणदोषों के बारे में लिखे।** **(10)**

**ब) थाट के नियमों की जानकारी लिखे।** **(5)**

**प्र.7. किसी एक की जीवनी लिखे।** **(15)**

1. पं.पन्नालाल घोष
2. पं.शिवकुमार शर्मा
3. पं.विष्णु नारायण भातखंडे